GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY
DEPARTMENT OF COMMERCE
OFFICE OF THE DEVELOPMENT COMMISSIONER
NOIDA SPECIAL ECONOMIC ZONE
NOIDA DADRI ROAD, PHASE-II, NOIDA - 201305
DISTT. GAUTAM BUDH NAGAR (UTTAR PRADESH)

फ. स.10/191/2008-सेज/ दिनांक: 28/02/2018

1. निदेशक, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उधोग मंत्रालय, भारत सरकार, उधोग भवन, नई दिल्ली-110001।
2. संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार, उधोग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर (राजस्थान)।
3. आयकर आयुक्त, (सीआईटी-तृतीय-जयपुर), न्यू सेंट्रल रेवेन्यू बिल्डिंग, स्टैचू सर्किल, सी-स्कीम, जयपुर (राजस्थान)।
4. आयुक्त केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, जयपुर-I, न्यू सेंट्रल रेवेन्यू बिल्डिंग, स्टैचू सर्किल, सी-स्कीम, जयपुर (राजस्थान)
5. प्रबंध निदेशक, रीको लिमिटेड, उधोग भवन तिलक मार्ग, जयपुर (राजस्थान)
6. उपसचिव (आई एफ - 1), बैंकिंग प्रभाग, आर्थिक मामलों का विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, तृतीय तल, जीवन दीप बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली।
7. आयुक्त, उधोग विभाग, उधोग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर (राजस्थान)।
8. महाप्रबंधक, रीको लिमिटेड, उधोग भवन तिलक मार्ग, जयपुर (राजस्थान) ।
9. महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमिटेड (विकासकर्ता), 411, नीलकंठ टावर, भवानी सिंह मार्ग, सी स्कीम, जयपुर-302001 (राजस्थान).

विषय: दिनांक 16/02/2018 को दोपहर 12.00 बजे रीको बोर्ड रूम, उधोग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर में आयोजित महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमिटेड एस ई जेड के अनुमोदन समिति की बैठक का कार्यवृत - एतद संबंधी।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में डा० एल बी सिंघल, विकास आयुक्त, नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र की अध्यक्षता मे दिनांक 16/02/2018 दोपहर 12.00 बजे रीको बोर्ड रूम, उधोग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर में आयोजित महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमिटेड विशेष आर्थिक क्षेत्र की अनुमोदन समिति की बैठक का कार्यवृत्त संलग्न है।

इसे विकास आयुक्त, नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र, नोएडा का अनुमोदन प्राप्त है ।

भवदीय,

रवि कुमार श्रीवास्तव

(रवि कुमार श्रीवास्तव)
उप विकास आयुक्त

संलग्नक : उपरोक्त

दिनांक 16-02-2018 को आयोजित महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमिटेड एस ई जेड के अनुमोदन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

डॉ. एल बी सिंघल, विकास आयुक्त, नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र की अध्यक्षता में दिनांक 16/02/2018 को दोपहर 12:00 बजे रीको बोर्ड रूम, उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर में आयोजित महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमिटेड एस ई जेड के अनुमोदन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

बैठक के दौरान अनुमोदन समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थेः–

1. श्री आर. के. गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक, रीको, जयपुर
2. श्री वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त डीजीएफटी, जयपुर
3. श्री पी.आर. शर्मा, संयुक्त निदेशक, डीआईसी, जयपुर
4. श्री सम्पत राय, सहायक आयुक्त, केंद्रीय जीएसटी, जयपुर– 1
5. श्री अनुज बिंडल, प्रमुख– व्यवसाय विकास, महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि.– डेवलपर के प्रतिनिधि, विशेष अतिथि

2. इसके अलावा, बैठक के दौरान अनुमोदन समिति के सहयोग हेतु i) श्री प्रकाश चंद उपाध्याय, सहायक विकास आयुक्त और ii) श्री जे.सी. गुप्ता, निर्दिष्ट अधिकारी, भी उपस्थित थे।

3. बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। संक्षिप्त परिचय देने के बाद एजेंडे में शामिल मुद्दों पर एक– एक कर चर्चा की गई। अनुमोदन समिति के सदस्यों के साथ– साथ डेवलपर्स/ इकाईयों के आवेदकों/ प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद, निम्नलिखित फैसले लिए गएः–

(i) एजेंडे में शामिल प्रस्तावों पर आइटम वार फैसलेः–

दिनांक 16-02-2018 को आयोजित महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमिटेड एस ई जेड के अनुमोदन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

1. **<u>23.11.2017 को आयोजित हुई अनुमोदन समिति की पिछली बैठक के कार्यवृत्तों की पुष्टि</u>**

अनुमोदन समिति को सूचित किया गया था कि 23.11.2017 को आयोजित की गई अनुमोदन समिति के बैठक में किए गए फैसलों के खिलाफ अनुमोदन समिति या व्यापार के किसी भी सदस्य द्वारा कोई संदर्भ प्राप्त नहीं हुआ था और इसलिए, 23.11.2017 को आयोजित की गई बैठक के कार्यवृत्तों की पुष्टि की जाती है।

2. **<u>गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थित आईटी/आईटीईएस एस ई जेड में अधिकृत संचालनों पर डेवलपर मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि., को सामग्री की सूची जिसका मूल्य 10 लाख. रुपए है, को अंतरिम मंजूरी देने की पुष्टि</u>**

अनुमोदन समिति के संज्ञान में लाया गया था कि गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थित आईटी/आईटीईएस एस ई जेड में निम्नलिखइत अधिकृत संचालनों हेतु डेवलपर मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि., ने दिनांक 29.2.2017 और फिर 11.01.2018 को लिखे अपने पत्र के माध्यम से 10 लाख. रुपयों की सामग्री की तत्काल आवश्यकता के बारे में बताया है और इसके लिए अंतरिम मंजूरी देने का अनुरोध किया हैः–

क्र. सं.	अधिकृत कार्य का नाम	इंस्ट. सं. 50 और 54 के अनुसार अधि. कार्य की डिफॉल्ट सूची पर	अनुमानित लागत (लाख रुपयों में)

		क्र.सं.	
1.	जल शोधन संयंत्र, जलापूर्ति लाइनें (स्रोत तक सर्पित लाइने), सीवेज लाइनें, तूफान के पानी को निकाले के लिए नाले और उचित क्षमता वाले जल चैनल	02	10.00

सूचित किया गया था कि डेवलपर द्वारा बताई गई तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए, विकास आयुक्त, एनएसईजेड ने सामग्रियों की प्रस्तावित सूची को मंजूर कर लिया है और डेवलपर को इस मंजूरी की जानकारी इस कार्यालय द्वारा दिनांक 17.01.2018 को लिखे पत्र से दी गई है, यह अनुमोदन समिति द्वारा पुष्टि के विषयाधीन है।

पर्याप्त चर्चाओं के बाद, अनुमोदन समिति ने डेवलपर मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. को दिनांक 17.01.2018 को जारी किए पत्र के माध्यम से 10 लाख रुपयों के सामग्रियों की सूची को दी गई मंजूरी की पुष्टि की ताकि वे गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थित आईटी/आईटीईएस एसईजेड में उपरोक्त उल्लिखित अधिकृत कार्यों को कर सकें।

3. <u>गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थित मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. के आईटी/आईटीईएस एसईजेड में मेसर्स एडवांस्ड टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग सर्विस प्रा. लिमि. द्वारा एक इकाई की स्थापना हेतु प्रस्ताव</u>

दिनांक 16-02-2018 को आयोजित महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमिटेड एस ई जेड के अनुमोदन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

अनुमोदन समिति के संज्ञान में लाया गया था कि गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थित मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. के आईटी/आईटीईएस एसईजेड में प्लॉट सं. आईटी–ए–014–ओ पर 571.19 वर्गमीटर क्षेत्र पर, पांच वर्षों की अवधि में अनुमानित 25545 लाख रुपयों की अनुमानित निर्यात एवं 25360 लाख रुपयों की संचयी एनएफई के साथ "आईटी सर्विसेस– एप्लीकेशन डेवलपमेंट/ मैनेजमेंट, प्रोडक्शन सपोर्ट, एनालिटिक्स कंसल्टिंग– कॉन्सेप्ट डेवलपमेंट, एफआईटी/जीएपी एनालिटिक्स सोशल मीडिया– सोशल मीडिया मैनेजमेंट सिस्टम टू लिसन, पब्लिश एंड इंगेज, एनालिटिक्स" नाम से गतिविधियां संचालित करने हेतु एक इकाई बनाने के लिए मेसर्स एडवांस्ड टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग सर्विस प्रा. लिमि. ने आवेदन किया है।यह भी बताया गया था कि स्वदेशी पूंजीगत वस्तुओं के लिए 250 लाख रुपयों का निवेश किया जाएगा और परियोजना के अन्य खर्च आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार विदेशी इक्विटी धारकों से लिए जाने वाले बाह्य व्यावसायिक ऋण, सावधि ऋण एवं आंतरिक स्रोतों से पूरे किए जाएंगे। यह भी सूचित किया गया था कि एसईजेड डेवलपर ने आवेदक को प्रस्तावित भूमि के आवंटन हेतु अस्थायी प्रस्ताव भी दिया है।

आवेदक की तरफ से निदेशक श्री संजुल वैश्य अनुमोदन समिति के समक्ष प्रस्तुत हुए और प्रस्ताव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उनके पास संबंधित क्षेत्र में काम करने का बहुत अनुभव है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रस्तावित गतिविधियों को एसईजेड नियम, 2006 के नियम 76 में "कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सर्विसेस" के तहत उल्लिखित सेवा गतिविधियों के अनुसार कवर किया जाएगा।

पर्याप्त चर्चाओं के बाद अनुमोदन समिति ने "कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सर्विसेस अर्थात एप्लीकेशन डेवलपमेंट/ मैनेजमेंट, प्रोडक्शन सपोर्ट, एनालिटिक्स कंसल्टिंग- कॉन्सेप्ट डेवलपमेंट, एफआईटी/जीएपी एनालिटिक्स सोशल मीडिया- सोशल मीडिया मैनेजमेंट सिस्टम टू लिसन, पब्लिश एंड इंगेज, एनालिटिक्स" को करने के प्रस्ताव को **मंजूरी** दे दी। अनुमोदन समिति ने आवेदक इकाई के प्रतिनिधि को एसईजेड में प्रस्तावित गतिविधियों पर संक्षिप्त टिप्पणी जमा करने का भी निर्देश दिया।

4. गांव- कलवारा और भमबोरिया, तहसील- सांगानेर, जिला- जयपुर (राजस्थान) स्थित मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. के एसईजेड में इंजीनियरिंग एवं संबंधित उद्योगों के क्षेत्र में अपनी तीसरी इकाई स्थापित करने के लिए मेसर्स निटप्रो इंटरनेशनल का प्रस्ताव

अनुमोदन समिति के संज्ञान में लाया गया था कि गांव- कलवारा और भमबोरिया, तहसील- सांगानेर, जिला- जयपुर (राजस्थान) स्थित मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. के एसईजेड में प्लॉट सं. पीए010- 003 पर 5094.385 वर्ग मीटर क्षेत्र पर इंजीनियरिंग एवं संबंधित उद्योगों के क्षेत्र में, पांच वर्षों की अवधि में 2325 लाख रुपयों के अनुमानित निर्यात और 1752.38 लाख रुपयों के संचयी एनईएफ के साथ 'सजावटी वस्तुओं एवं उनके हिस्सों के निर्माण, हाथों से बुनाई करने के औजारों एवं साजोसामान, निर्माण संबंधी उत्पादों, शौक संबंधी उत्पादों एवं उनके पुर्जे, उपस्कर एवं अन्य संबंधित उत्पादों एवं उनके पुर्जे और घरेलू उत्पादों एवं उनके पुर्जे' बनाने हेतु अपनी तीसरी इकाई स्थापित करने के लिए मेसर्स निटप्रो इंटरनेशनल ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। यह भी बताया गया था कि आयातित पूंजीगत वस्तुओं के लिए 176.62 लाख रुपयों एवं स्वदेशी

पूंजीगत वस्तुओं के लिए 147.25 लाख रुपयों का निवेश प्रोमोटरों के योगदान से किया जाएगा। यह भी बताया गया था कि एसईजेड डेवलपर ने आवदेक को प्रस्तावित भूमि के आवंटन हेतु अस्थायी प्रस्ताव दिया है।

यह भी सूचित किया गया था कि आवेदन में प्रथम दृष्टया निम्नलिखित विसंगतियां पाई गईं थीं, इनके बारे में आवेदन को बताया गया थाः—

1. 'सजावटी उत्पादों एवं उनके पुर्जे, शौक संबंधी उत्पाद एवं उनके पुर्जे, घरेलू उत्पाद एवं उनके पुर्जे, निर्माण संबंधी उत्पाद' के तहत बनाई जाने वाली प्रस्तावित वस्तुओं के विशिष्ट नाम बताए जाने की आवश्यकता है।
2. आवदेक द्वारा दिनांक 01.04.2013 को जमा कराए गए साझीदारी समझौते के अनुसार आवेदक कंपनी के कारोबार के हिस्से के तौर पर 'सजावटी वस्तुओं एवं उनके हिस्सों के निर्माण, हाथों से बुनाई करने के औजारों एवं साजोसामान, निर्माण संबंधी उत्पादों, शौक संबंधी उत्पादों एवं उनके पुर्जे, उपस्कर एवं अन्य संबंधित उत्पादों एवं उनके पुर्जे और घरेलू उत्पादों एवं उनके पुर्जे' के निर्माण की जानकारी नहीं मिलती।
3. फॉर्म– एफ में दिए गए स्थान पर आधिकारिक मुहर नहीं लगाई गई है।
4. फॉर्म– एफ में पारा XI(iv) के संदर्भ में उत्तर 'Yes' या 'No' में दिया जाना है। आवदेक ने 'N' लिखा है।
5. आवेदक ने स्वदेशी संयंत्र एवं मशीनरी की सूची में 'ओवन' का उल्लेख किया है। निर्माण प्रक्रिया में इसकी आवश्यकता के बारे में स्पष्ट रूप से बताया जा सकता है।

6. हाथों से बुनाई करने के औजारों और साजोसामानों एवं शौक संबंधी उत्पादों एवं उनके पुर्जों के संदर्भ में वार्षिक उत्पादन क्षमता फॉर्म– एफ और प्रोजेक्ट रिपोर्ट में अलग– अलग है।

आवेदक की तरफ से अनुमोदन समिति के समक्ष श्री मुनीष भल्ला, सीईओ–प्रोजेक्ट्स, प्रस्तुत हुए और प्रस्ताव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन्होंने बनाई जाने वाली प्रस्तावित वस्तुओं के बारे में इस प्रकार बताया–

- सजावटी वस्तुएं और उनके पुर्जे– मूर्तियां, गुलदान, फूलदान, छोटी मूर्तियां, फोटो फ्रेम, लैम्प, मोमबत्ती होल्डर्स, टी लाइट होल्डर्स और घर को सजाने वाली ऐसी ही अन्य सामग्रियां।
- हाथों से की जाने वाली बुनाई संबंधी औज़ार एवं साजोसामान।
- निर्माण संबंधी उत्पाद– फर्श की टाइलें, दीवार की टाइलें, सजावटी लैमिनेट्स, डेक्स, चंदोवा और ऐसी ही अन्य सामग्रियां जिनका प्रयोग लकड़ी में किया जा सकता हो और जिन्हें घरों के निर्माण या आंतरिक साज–सज्जा में इस्तेमाल किया जा सकता हो।
- शौक संबंधी उत्पाद एवं उनके पुर्जे– शौक, जिगशॉ पहेलियों, बोर्ड्स और ऐसे अन्य सामग्रियों में इस्तेमाल किए जाने वाले बुनाई औज़ार और सामान।
- फर्नीचर और अन्य संबंधित उत्पाद एवं उनके पुर्जे।

- घरेलू उत्पाद एवं उनके पुर्जे– टेबलवेर (मेज़ पर रखे जाने वाले बर्तन आदि)/ किचनवेर, कटोरे, केतली, चाकू, फोर्क, चम्मच, मेजपोश, प्लैटर्स, खाना परोसने का चम्मच आदि।

ओवन के उपयोग के बारे में पूछे जाने पर श्री भल्ला ने बताया कि ओवन का प्रयोग उत्पादों पर लगाए जाने वाले पेंट को सूखाने में किया जाएगा। श्री भल्ला ने यह भी बताया कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक 13.02.2018 को भेजे गए इमेल में बताई गई विसंगतियों के संदर्भ में उन्होंने अपना उत्तर जमा करा दिया है।

पर्याप्त चर्चाओं के बाद, अनुमोदन समिति ने प्रस्ताव को **मंजूरी** दे दी, यह आवेदक द्वारा जमा कराए गए दस्तावेजों की जाँच के विषयाधीन है।

5. **गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थिति मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. के हस्तशिल्प एसईजेड की अपनी इकाई में मेसर्स ओरवी डिजाइन स्टूडियो का एलओए में अनुमोदित निर्माण वस्तुओं के विवरण एवं आईटीसी (एचएस) कोड में संशोधन हेतु प्रस्ताव**

अनुमोदन समिति के संज्ञान में लाया गया था कि गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थिति मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. के हस्तशिल्प एसईजेड की अपनी इकाई में मेसर्स ओरवी डिजाइन स्टूडियो का एलओए में अनुमोदित निर्माण वस्तुओं के विवरण एवं आईटीसी (एचएस) कोड में संशोधन हेतु प्रस्ताव दिया है। यह सूचित किया जाता है कि इकाई द्वारा प्राप्त प्रस्ताव को निर्दिष्ट अधिकारी के पास एचएस कोडों एवं इकाई द्वारा प्रस्तावित वस्तुओं के विवरण पर उनकी टिप्पणियों के लिए अग्रेषित किया गया था। इस

संदर्भ में निर्दिष्ट अधिकारी ने दिनांक 11.01.2018 को लिखे पत्र में बताया कि इखाई ने दिनांक 10.01.2018 को लिखे पत्र के माध्यम से आवश्यक विवरण और एचएसएन कोड का विवरण प्रस्तुत किया है जो इस प्रकार हैः–

क्र. सं.	एचएसएन कोड के साथ एलओए में उल्लिखित वस्तु का नाम	वस्तु का नाम और एचएसएन कोड के साथ एलओए में आवश्यक विवरण
1.	हाथों से बने राकू सिरैमिक टाइलें (एचएस कोड– 69089090)	हाथों से बने राकू सिरैमिक टाइलें **(एचएस कोड– 69010030)**
2.	हाथों से बने शैटर्ड ग्लास टाइलें (एचएस कोड – 69087016)	हाथों से बने शैटर्ड ग्लास टाइलें **(कलमकारी के साथ और उसके बिना) (एचएस कोड – 70169000)**
3.	धातु की टाइलों के साथ हाथों से बनी लकड़ी की टाइलें (एचएस कोड–44219090)	धातु की टाइलों के साथ हाथों से बनी लकड़ी की टाइलें **(एचएस कोड–44219190)**
4.	धातु की टाइलों के साथ हाथों से बने कांच (एचएस कोड–70200090)	धातु की टाइलों के साथ हाथों से बने कांच (एचएस कोड–70200090)
5.	ताँबा, पीतल और इस्पात के साथ हाथों से बनी लाइनें (एचएस कोड–74199930, 73269099)	ताँबा, पीतल और इस्पात के साथ हाथों से बने **लाइनर (एचएस कोड–74071030,**

		74199930,73269099)
6.	हाथों की नक्काशी वाले मार्बल (6802190), चूना पत्थर (25210090), सैंडस्टोन (25162000), ग्रेनाइट (68022310), स्लेट स्टोन (68030000), क्वाट्र्जाइट (25062020)	हाथों की नक्काशी वाले मार्बल **(कलमकारी के साथ और उसके बिना)** (68022190), चूना पत्थर (25210090), सैंडस्टोन (25162000), ग्रेनाइट **(कलमकारी के साथ और उसके बिना)** (68022310), स्लेट स्टोन (68030000), क्वाट्र्जाइट (25062090)

यह भी सूचित किया गया था कि निर्दिष्ट अधिकारी ने उल्लिखित किया था कि इकाई ने "कलमकारी के साथ और उसके बिना" लगाया है, जिसके बारे में एलओए में उल्लेख नहीं किया गया है और इकाई द्वारा उल्लिखित एचएस कोड उनके द्वारा सत्यापित किया गया है और ये सीमाशुल्क शुल्क अधिनियम के अनुसार पाया गया है।

इकाई की तरफ से अनुमोदन समिति के समक्ष महाप्रबंध श्री घनश्याम बहेली और श्री प्रेम प्रकाश बिरला, वित्त, प्रस्तुत हुए और प्रस्ताव के बारे में विस्तार से बताया।

पर्याप्त चर्चाओं के बाद, अनुमोदन समिति ने इकाई के प्रस्ताव को **मंजूरी** दे दी। अनुमोदन समित ने इकाई को 165.97 लाख रुपयों के बकाया विदेशी मुद्रा को

प्राप्त करने के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने और एपीआर की तत्काल पुष्टि करने का निर्देश दिया।

6. गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थिति मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. के आईटी/ आईटीईएस एसईजेड की एक इकाई मेसर्स इंफोसिस बीपीओ लिमि. का कंपनी का नाम बदल कर 'इंफोसिस बीपीएम लिमि. करने के लिए प्रस्ताव।

अनुमोदन समिति के संज्ञान में लाया गया था कि गांव– कलवारा, तहसील– सांगानेर, जिला– जयपुर (राजस्थान) स्थिति मेसर्स महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लिमि. के आईटी/ आईटीईएस एसईजेड की एक इकाई मेसर्स इंफोसिस बीपीओ लिमि. का कंपनी का नाम बदल कर 'इंफोसिस बीपीएम लिमि.' करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। यह भी सूचित किया गया था कि अपने प्रस्ताव के समर्थन में इकाई ने निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं–

i) 18.12.2017 को आरओसी– बैंगलोर द्वारा 'इंफोसिस बीपीओ लिमि.' का नाम बदलकर 'इंफोसिस बीपीएम लिमि.' करने के लिए जारी किए गए निगमन प्रमाणपत्र की प्रति

ii) इंफोसिस बीपीएम लिमि. के नाम से एमएंडएओएम की प्रति

iii) दिनांक 18.12.2017 को ली गई बोर्ड के शपथ की प्रति जिसके माध्यम से रिकॉर्डों में नए नाम को जगह दी गई

iv) इंफोसिस बीपीएम लिमि. के नाम से पैन कार्ड और इंपोर्ट एक्सपोर्ट कोड की प्रति

v) दिनांक 31.07.2007 को एलओए संख्या एमडब्ल्यूसी/जेएसईजेड/आईटी/प्रोज/ 01/07–08/1415 के संदर्भ में मेसर्स इंफोसिस बीपीओ लिमि. की सभी संपत्तियों एवं दायित्वों का मेसर्स इंफोसिस बीपीएम लिमि. द्वारा वहन किए जाने की पुष्टि हेतु 100/– रुपए के स्टांप पेपर पर नोटरीकृत वचन पत्र की प्रति

vi) कंपनी के वर्तमान निदेशकों की सूची, उनके पासपोर्ट और पैन कार्ड की प्रतियां, साथ ही इन निदेशकों की नियुक्ति के लिए फॉर्म डीआईआर–12 की प्रति और पुराने निदेशकों की सेवामुक्ति हेतु डीआईआर–12 की प्रतियां

vii) इकाई ने सूचित किया था कि नाम बदलने से पहले और उसके बाद शेयरहोल्डिंग पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इकाई द्वारा कंपनी सचिव द्वारा प्रमाणित शेयरहोल्डिंग पैटर्न के विवरण इस प्रकार हैं–

क्र. सं.	शेयरधारक का नाम	शेयरों की संख्या	% शेयर
1.	इंफोसिस लिमिटेड	3,38,22,319	99.98%
2.	अन्य शेयरहोल्डर्स (निजी शेयरहोल्डरों की संख्या– 20)	5,432	0.02%
	कुलः	3,38,27,751	100.00%

viii) गुड़गांव एवं जयपुर में एसईजेड गतिविधइयों के लिए कंपनी की तरफ से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए श्री पुनीत मुंद्रा के पक्ष में बोर्ड के संकल्प की प्रति।

यह सूचित किया गया कि 23.02.2016 को आयोजित की गई बीओए की बैठक में यह फैसला भी किया गया था कि नियम 74 ए उन एसईजेड इकाईयों पर लागू नहीं होगा जो किसी दूसरे व्यक्ति को अपनी संपत्तियां और दायित्वों को हस्तांतरित कर एसईजेड योजना से बाहर नहीं निकलती या बाहर निकलने का विकल्प नहीं चुनतीं एवं एसईजेड इकाईंयां नाम बदल कर, अदालत से अनुमोदित विलयों/ विघटनों, स्लंप बिक्री, संरचना में परिवर्तन कर स्वामित्व से साझेदारी में बदलाव और इसके विपरीत, पब्लिक लिमिटेड कंपनी से प्राइविट/लिमिटेड लियाबलिटी कंपनी में बदलना या इसके विपरीत, कंपनी से साझेदारी में बदलना या इसके विपरीत, शेयरहोल्डिंग में 50 प्रतिशत तक बदलाव आदि कर काम करती रहती हैं और इस आधार पर एसईजेड योजना से न तो बाहर होती हैं न बाहर होने का विकल्प चुनती हैं। संबंधित यूएसी इस प्रकार के अनुरोधों पर एसईजेड नियम, 2006 के नियम 19(2) के तहत विचार कर सकता है।

इसके अलावा, सूचित किया गया था कि इकाई ने वर्ष 2008-09 से 2016-17 के दौरान 1111.75 लाख रुपयों के लिए डीटीए में सेवाओं की बिक्री की है। तदनुसार, दिनांक 16.01.2018 को इस कार्यालय से किए गए इमेल के माध्यम से इकाई से डीटीए बिक्री जैसे i) डीटीए के तहत प्रदान की गई सेवाएं और मुक्त

विदेश मुद्रा में प्राप्त हुए भुगतान और ii) डीटीए के तहत दी गई सेवाओँ के लिए भारतीय रुपयों में मिले भुगतान का विवरण जमा कराएँ। उपरोक्त विवरण के मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है।

इकाई की तरफ से अनुमोदन समिति के समक्ष श्री पुनीत मुंद्रा, लीड प्रबंधक– सीएजी प्रस्तुत हुए और प्रस्ताव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जल्द ही डीटीए बिक्री के संदर्भ आवश्यक विवरण जमा कराने का आश्वासन भी दिया।

पर्याप्त चर्चा के बाद, अनुमोदन समिति ने 'इंफोसिस बीपीओ लिमि.' का नाम बदल कर 'इंफोसिस बीपीएम लिमि.' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, यह दिनांक 31.07.2007 को एलओए सं. एमडब्ल्यूसी/ जेएसईजेड/आईटी/प्रोज/01/07–08/1419 के संदर्भ में मेसर्स इंफोसिस बीपीओ लिमि. के एसईजेड इकाई की सभी संपत्तियों और देनदारियों के मेसर्स इंफोसिस बीपीएम लिमि. द्वारा अधिग्रहण किए जाने की शर्त के अधीन है। अनुमोदन समिति ने इकाई को डीटीए बिक्रियों के संदर्भ में आवश्यक विवरण तत्काल जमा कराने का भी निर्देश दिया है।

अध्यक्ष को धन्यवाद देने के साथ बैठक समाप्त हुई।

(डॉ. एल.बी. सिंघल)

विकास आयुक्त